खबर संक्षेप

## लोधी समाज का 30 नवंबर को युवक युवती परिचय सम्मेलन



**मण्डला।** जिला लोधी क्षत्रिय समाज एवं आलोक मंडला की बैठक रविवार को रपटा पुल के पास रेवांचल पार्क में रखी गई। जिसमें जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन, लोधी प्रतिभा सम्मान समारोह को अंतिम रूप देने के लिए विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि 30 नवंबर को बम्हनी बंजर के चक्रवर्ती मैरिज गार्डन में आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। मीडिया प्रभारी मंगल सिंह ठाकुर ने बताया कि अंतिम रूप देने के लिए पदाधिकारियों व समाज के लोगों ने अपने सुझाव दिए। 30 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ ही उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जिला लोधी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर, आलोक जिला अध्यक्ष राजेश पटेल, आलोक प्रदेश मीडिया प्रभारी बाल सिंह ठाकुर, महासचिव संजय ठाकुर, केके ठाकुर, उमेश ठाकुर, सुनीत ठाकुर, आशोक ठाकुर, नारायण जंघेला, हुल्कर सिंह बंधु ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**मण्डला।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जिले में जारी है। विधानसभा क्रमांक 105 में कार्य की धीमी गति को देखते हुए नायब तहसीलदार श्री पुष्पेन्द्र पन्द्रे ने रविवार को निवास क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

### गिट्टियों पर चलाना पड़ रहा वाहन, लोग हो रहे चोटिल

# सड़क पर उड़ता धूल का गुबार





*** पिछले 7 माह में सिर्फ सड़क को खोदा गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

आवागमन बेहतर हो लोगों को सड़क पर वाहन चलाना सुविधाजनक लगे इसके लिये सरकार लगातार सड़को को बेहतर बनाने प्रयासरत है और यही कारण है कि जहां टू लेन है वहां फोर लेन सड़क निर्माण हेतु भारी भरकम राशि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। जिन निर्माण कंपनियों को इस काम का ठेका दिया जा रहा है उन्हें यह स्पष्ट निर्देश दिये जाते हैं कि काम गुणवत्तापूर्ण हो, समय पर पूर्ण हो और काम के दौरान स्थानीय लोगों को कम से कम असुविधा का सामना करना पड़े लेकिन ऐसा लगता है कि निर्माण कंपनी इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रही। तभी तो मण्डला से डिण्डौरी मार्ग निर्माण कार्य जहां मनमाने रूप से हो रहा है वहीं पिछले लगभग एक वर्ष से निर्माणाधीन सड़क के रहने वाले ग्रामवासी एवं छोटा-मोटा व्यवसाय करने वाले व्यापारी परेशान हैं कारण यह है कि सड़क का निर्माण जिस तकनीक से हो रहा है वह लोगों के समझ से परे है। पहले यह टू लेन सड़क थी अब इसे फोर लेन बनाया जाना है तो लोगों को यह ज्ञात नहीं कि सड़क के दोनों ओर की जगह पर सड़क चौड़ीकरण बराबरी से होगा या फिर किसी एक तरफ ज्यादा और किसी एक तरफ कम, इस तरह के मनमाने निर्णयों से लोगों के घर और दुकानें प्रभावित हो रही हैं।

पुलियों का निर्माण अभी भी अधूरा है सड़क के किनारे जो विद्युत पोल हैं और विद्युत लाईन हैं उसे व्यवस्थित नहीं किया गया है सिर्फ एक काम किया जा रहा है वह है कि जो सड़क चलने लायक थी उसे इतना खोद दिया गया है कि अब उस पर वाहन चलाना सर्कस पर काम करना जैसा है और इस खुदी हुई सड़क से जब कोई भी छोटा या बड़ा वाहन गुजरता है तो धूल का ऐसा गुबार उठता है कि लोगों की गृहस्थी का सामान खराब हो रहा है व्यापारियों की दुकानें धूल में पट रही हैं बच्चो एवं बुजुर्गो का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है लेकिन ये जो सड़क निर्माण से पीड़ित हैं ये बेचारे जायें तो जायें कहां।


बरसात के पूर्व जो सड़क अच्छी खासी थी उस सड़क से पूरा डामर निकाल दिया गया था और पानी-कीचड़ से लोगों को पूरी बरसात आना-जाना पड़ा जैसे-तैसे सूखे दिन आये तो लोगों को राहत मिली लेकिन यह सुख भी सड़क निर्माण कंपनी से देखा नहीं गया और उन्होंने इस सड़क को और खोद दिया। अब स्थिति यह है कि पूरी सड़क पर सिर्फ गिट्टी एवं पत्थर ही नजर आ रहे हैं और इस सड़क से गुजरने वालों को इसी गिट्टी और पत्थरों के ऊपर से गुजरना पड़ रहा है।

स्थिति यह है कि वाहन का संतुलन बनाना उस रस्सी पर चलने जैसा है जिस पर सर्कस में करतब दिखाये जाते रहे हैं। कहीं कोई वाहन गिर रहा है तो उड़ती धूल से वाहन चालक तो परेशान होते ही हैं आसपास निवास करने वाले भी परेशान हो रहे हैं जब लोगों का आक्रोश बढ़ता है तो दिखावे के लिये सड़क पर पानी का टेंकर नाममात्र के लिये चला दिया जाता है जिससे घंटे दो घंटे राहत मिलती है बाद में स्थिति जस की तस।





## शहीदों की याद में मशाल जुलूस एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम




*** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दी जायेगी श्रद्धाजंलि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद हुए मण्डला जिले के क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से क्रांतिवीर स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वाधीनता अमृत महोत्सव समिति के तत्त्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रविवार सायं रानी अवंति बाई स्मारक से बड़ चौराहे तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। बड़ चौराहे में दीप प्रज्वलित कर सभी क्रांतिवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक विवेक अग्निहोत्री ने बताया कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में मण्डला जिलेवासियों ने अद्भुत वीरता और कौशल का परिचय देते हुये अंग्रेजी सेना को मण्डला से भागने पर मजबूर कर दिया था। नगर के हृदयस्थल में स्थित बड़ चौराहे में लगा बरगद का वृक्ष 1857 के संग्राम का जीवंत प्रमाण है। संग्राम में शामिल बहुत से क्रांतिकारियों को अंग्रेजी सरकार ने इसी बरगद के वृक्ष में फांसी दी थी।

उन्होंने बताया कि इतिहासकारों का मानना है कि 24 नवंबर 1857 को बरगद के इस पेड़ पर एक साथ 21 क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी। दुःख की बात है कि उन क्रांतिकारियों के नाम तक इतिहास में दर्ज नहीं है। साथ ही समय के साथ क्रांतिकारियों के उस अद्भुत पराक्रम, त्याग और बलिदान को लगभग भुला दिया गया।

उन्होंने कहा कि 1857 के स्वाधीनता संग्राम में जिलेवासियों के अद्भुत पराक्रम की कहानी का पुनः स्मरण करने और उन अनेकों अनजान क्रांतिकारियों के त्याग-बलिदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से 24 नवंबर सोमवार को एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम तय किया गया है। जिसके अंतर्गत 24 नवंबर सायं 5:30 बजे रानी अवंति बाई स्मारक (लालीपुर) से मशाल जुलूस निकाला जाएगा और बड़ चौराहे में दीप प्रज्वलित कर सभी क्रांतिवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से क्रांतिवीर स्मृति दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



## मुख्यमंत्री अव संरचना मद से निर्मित संस्कृतिक भवन का लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैली मैं मुख्यमंत्री और संरचना मद से निर्मित भवन का लोकार्पण सांसद फगन सिंह कुलस्ते के द्वारा किया गया शासन के वित्तीय वर्ष 2024 ,25 में नवीन योजना मध्य मुख्यमंत्री और संरचना मध्य के अंतर्गत ग्राम पंचायत को 25 लाख रुपए तक के निर्माण की स्वीकृत होने से ग्राम पंचायत मैली में जनपद पंचायत नारायणगंज को जिला स्तर का पहला संस्कृतिक भवन निर्मित कराया गया जिसमें ग्राम पंचायत को विकास के लिए उपलब्ध कराने हेतु लोगों ने इस संस्कृति भवन के लिए विगत कई वर्षों से लगातार मांग कर रहे थे कि ऐसा कोई पंचायत में भवन होना चाहिए जो जिसमें कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम किया जा सके भवन की स्वीकृत के बाद सभी लोगों ने सांसद महोदय का धन्यवाद पेश किया इस कार्यक्रम में सांसद फगन सिंह कुलस्ते विधायक चैन सिंह बरकड़े जिला अध्यक्ष संजय कुशराम जिला सदस्य भूपेंद्र बरकड़े ललिता धुर्वे जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय उपाध्यक्ष किशन तेकाम मनोज मिश्रा कन्हैया सिंगरौर नरेश डोंगरे रंजना वीरेंद्र नामदेव गया चक्रवर्ती संतोष सोनी रतन सिंह ठाकुर भूपेंद्र बरकड़े सीताराम सिंगरौर राकेश प्रकाश चंद्र अग्रवाल सुशांत अग्रवाल भगवान प्रसाद मिश्रा एवं आशा कार्यकर्ता सचिव अनिल शर्मा आदि की उपस्थिति में संस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया गया। अविनाश शर्मा मुख्य कार्यपाली अधिकारी दीप्ति यादव जनपद सदस्य उर्मिला यादव ग्राम पंचायत मैली की सरपंच श्रीमती सुमिया

**स्वच्छता** | **स्टूडेंट फॉर डेवलेपमेंट के माध्यम से नर्मदा सफाई अभियान का आगाज।**

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अनोखी पहल





*** रहवासियों से की स्वच्छता बनाए रखने की अपील।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्टूडेंट् फॉर डेवलेपमेंट गतिविधि के माध्यम से मंडला के महिष्मत घाट में नर्मदा सफाई अभियान लगातार पांच रविवार से जारी है स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट्स (SFD) अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) द्वारा शुरू किया गया एक छात्र समूह है, जिसे 1992 में छात्रों को सतत विकास की अवधारणा समझाने के लिए स्थापित किया गया था। इस समूह का उद्देश्य छात्रों को न केवल पर्यावरण संबंधी मुद्दों जैसे जल संरक्षण और प्लास्टिक रीसाइक्लिंग के बारे में शिक्षित करना है, बल्कि आर्थिक और सांस्कृतिक विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी केंद्रित है।

इसी कड़ी में 23 नवंबर दिन रविवार को कार्यकर्ताओं ने मंडला स्थित महिष्मति घाट की साफ सफाई करी। घाट से गंदगी को बाहर एकत्रित किया वहां से नगर परिषद के सफाई कर्मी वाहन से कचरा ले गए। 26 अक्टूबर 2025 दिन रविवार से इस अभियान की शुरुआत की गई।

### नर्मदा जल स्वच्छ रहेगा, तब हम स्वस्थ रहेंगे

हर रविवार को संडे फॉर नर्मदा अभियान के माध्यम से अभाविप सदस्य नर्मदा घाट में जाकर कचरा, प्लास्टिक की पन्नी सहित अन्य गंदी वस्तुओं को बाहर निकालने का काम करते है। नर्मदा में स्नान करने वाले और आस पास के झुग्गी बस्तियों में रहने वालों से नर्मदा किनारे गंदगी न फैलाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हैं। स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट गतिविधि जिला प्रमुख शिवा वरकड़े का कहना है कि हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा, स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता ही संस्कार है। नर्मदा मैया का जल साफ रहेगा तभी हम लोग भी स्वस्थ रहेंगे। इसलिए लोगों को इस अभियान से जुड़ना चाहिए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार
विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेघकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहु, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काव्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज सरकंडा जबरापारा, बिलासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता 25 को




डिंडौरी। मध्यप्रदेश जैव विविधता बोर्ड भोपाल के निर्देशन में इस वर्ष भी जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवंबर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता वन विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। वनमंडलाधिकारी डिंडौरी ज़िला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते एवं प्रतियोगिता क्विज मास्टर अश्विनी साहू पीएस कुसराम एवं और स्कूल के प्राचार्य ने बताया, इसमें जिले के सरकारी और निजी स्कूलों के 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रत्येक विद्यालय से तीन विद्यार्थी जो अलग-अलग कक्षाओं से हों, पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन ऑफलाइन रहेगा तथा फॉर्म वनविभाग एवं शिक्षा विभाग के ग्रुप से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 नवंबर निर्धारित है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 25 नवंबर को प्रातः 10 बजे से होगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन वन विभाग के विशेष प्रबंधन में किया जाता है।राज्य स्तरीय आयोजन 12 दिसंबर को होगा, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त टीम को 30 हजार रुपए, द्वितीय स्थान को 24 हजार तथा तृतीय स्थान को 18 हजार रुपए नगद, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### शहपुरा विधायक ने क्रीड़ा परिसर में पाई भारी अव्यवस्था, बालिकाओं को वितरित की गई 100 जोड़ी चप्पलें




डिंडौरी। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने बुधवार को 100 सीटर क्रीड़ा परिसर आश्रम शहपुरा का निरीक्षण किया, जहां गंभीर अव्यवस्थाएं पाई गईं। उल्लेखनीय है कि एक माह पूर्व भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया था, लेकिन उस दौरान केवल खानापूर्ति कर रिपोर्ट भेज दी गई थी। विधायक ने बताया कि संस्थान में आज भी कोई सुधार नहीं हुआ है, जिसके चलते निरीक्षणकर्ता अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही अपेक्षित है।निरीक्षण के दौरान ठंड के मौसम में बालिकाओं के पास चप्पल तक न होने की स्थिति सामने आई। इस पर मंडल अध्यक्ष शहपुरा भजन चक्रवर्ती, वरिष्ठ नेता बाबा ठाकुर, महामंत्री राजेंद्र तिवारी और मंडल मंत्री किशन झारिया के सहयोग से क्रीड़ा परिसर आश्रम की बालिकाओं को 100 जोड़ी चप्पलें वितरित की गईं। चप्पलें मिलते ही बालिकाओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी।

### समीक्षा बैठक में अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी



शहपुरा- एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 103 अंतर्गत मतदाता गहन पुनरीक्षण (**SIR**) कार्य की समीक्षा बैठक तहसील कार्यालय में ली गई जिसमें समस्त बी एल ओ सुपरवाइजर से प्रत्येक मतदान केंद्र की प्रगति , ई एफ डिजिटलाइजेशन , मतदाताओं के यहां डोर टू डोर सर्वे कर गणना पत्रकों को निर्धारित प्रारूप में भर कर एवं द्वितीय प्रति मतदाता को प्रदाय करने एवं वर्ष 2003 के पश्चात की बहुओं की उनके मायके से मैपिंग का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। बी एल ओ सुपरवाइजर से उक्त कार्य में फील्ड में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों के समाधान बतलाए गए एवं निर्धारित समयावधि में उक्त कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया ।समीक्षा बैठक में 3 बी एल ओ सुपरवाइजर के अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।उक्त समीक्षा बैठक में तहसीलदार शहपुरा सुंदर लाल यादव, आंनद डेहरिया एवं समस्त हल्का पटवारी उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल का घर-घर संपर्क अभियान तेज



शहपुरा- नगर के बूथ क्रमांक 76 श्री राम मंदिर वार्ड में भाजपा का मतदाता संपर्क अभियान जोर पकड़ रहा है। बूथ अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल महामंत्री, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद सुरेन्द्र साहू तथा **BLA** माधव प्रसाद साहू ने बुधवार को **SIR** (**Special Intensive Revision**) को लेकर क्षेत्र के मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर संपर्क किया।

# राजूषा हायर सेकेण्डरी स्कूल में रजत जयंती वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

डिण्डौरी।

**नगर के विद्यालय राजूषा हायर सेकेण्डरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में रजत जयंती वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनाँक 22/11/2025 दिन शनिवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया।**






कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमकार सिंह मरकाम विधायक डिण्डौरी उपस्थित रहे। सम्मानीय अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं सरस्वती वंदना के सुमधुर गायन से समारोह का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति माँ सरस्वती की चरण वंदना "हर तरफ, हर जगह, हर कहीं पे" नृत्य के माध्यम से हुई, तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत हेतु प्रगति हाउस के बच्चों ने स्वागत गीत गाया। इसके पश्चात सिल्वर जुबली गीत का गायन संस्कृति हाउस जूनियर के द्वारा किया गया। इसके बाद विद्यालय के सबसे छोटी कक्षा नर्सरी-एल के. जी एवं यू.के.जी के विद्यार्थियों ने "टुकुर टुकुर' गाने पर एवं कार्टून केरेक्टर पर तथा पहली एंव दूसरी के विद्यार्थियों ने "तारक मेहता का उल्टा चश्मा की थीम पर ड्रामा एवं डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रगति हाउस जूनियर ग्रुप द्वारा "कितना मुश्किल है जमाना कब्वाली प्रस्तुत की गई। शक्ति हाउस जूनियर ग्रुप के द्वारा तारे जमीं पर डांस एवं मैत्री हाउस जूनियर के द्वारा "दुनिया का नारा लगे रहो' एंव सीनियर ग्रुप द्वारा डांस व एक्ट तथा संस्कृति हाउस सीनियर के द्वारा नुक्कड़ नाटक सुनो सुनो भाई।शक्ति हाउस सीनियर के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा पर विशेष प्रस्तुति दी गई एवं स्पेशल परफार्मेस पवन मारूवा, यस उरैती, साक्षी पटैल व नव्या चौरसिया एवं सरप्राइज परफार्मेस राजवीर सिंह सैनी द्वारा दी गई। कार्यक्रम के मध्य में विद्यालय द्वारा बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों के लिए भी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सबसे पहले उत्तर देने वाले अभिभावकों को पुरुष्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय में माह जुलाइ से नवम्बर तक विभिन्न अवसरों पर आयोजित की गईं हाउस वाइस प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग सभी विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दीं।रजत जयंती के अवसर विद्यालय द्वारा पूर्व छात्रों एवं शासकीय सेवा में चयनित पूर्व शिक्षकों को सम्मानित किया। विद्यालय की मैनेजर श्रीमती उषा राजपूत जी के द्वारा वर्ष भर की रिर्पोट प्रस्तुत की गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर सिंह के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त अभिभावको का आभार प्रर्दशन किया गया,प्रत्येक प्रदर्शन हेतु विद्यालय के द्वारा हाउस वाइस प्रभारी शिक्षकों को नियुक्त किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ का संपूर्ण योगदान रहा।

# आवारा कुत्तों के आतंक पर अदालत सख्तः डिंडोरी में शेल्टर होम बनाने व पकड़ने का तत्काल आदेश



### नगर परिषद को कार्रवाई रिपोर्ट 29 नवंबर तक देने के निर्देश

डिंडोरी।

जिले में आवारा कुत्तों के हमलों और नागरिकों में फैली दहशत को देखते हुए न्यायालय ने नगर परिषद प्रशासन को कड़े निर्देश जारी किए हैं। अध्यक्ष, लोक उपयोगी लोक अदालत एवं जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र गुप्ता ने डिंडोरी शहर में स्थायी कुत्ता शेल्टर होम तुरंत बनाने व कुत्तों को पकड़ने आदेश दिया है। यह निर्णय अधिवक्ता सम्यक जैन और गंगा रजक द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान लिया गया। याचिका में शहर में कुत्ता काटने की बढ़ती घटनाओं, सुरक्षा के संकट और परिषद की लापरवाही को मुख्य मुद्दा बताया गया, साथ ही गंगा रजक के भाई सहित कई नागरिकों पर हुए हमले को भी आधार बनाया गया।

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता सम्यक जैन एवं अधिवक्ता के.के. सोनी ने तर्क रखा कि सिर्फ टीकाकरण करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों और ए.बी.सी. (Animal Birth Control) नियमों का हवाला देते हुए कहा कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को फिर से खुले में छोड़ने के स्थान पर सुरक्षित स्थायी आश्रय गृह में रखना आवश्यक है।अधिवक्ताओं ने बताया कि नगर परिषद वर्षों से केवल दिखावटी कार्रवाई करते हुए टीकाकरण तक ही सीमित रहा है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा खतरे में बनी हुई है।सुनवाई में नगर परिषद की ओर से सिर्फ समिति गठन का प्रस्ताव रखा गया, जिसे याचिकाकर्ता पक्ष ने नियमों की खुली अवहेलना बताते हुए कड़ा विरोध किया। परिषद की इस लापरवाही पर न्यायालय ने सख्त नाराज़गी व्यक्त की और कहा कि समस्या कागजी प्रक्रियाओं से नहीं बल्कि जमीनी कार्रवाई से सुलझेगी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में परिषद का ऐसा रवैया गंभीर है और इसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

न्यायालय की सख्त टिप्पणी के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आवारा कुत्तों को पकड़ने और बंध्याकरण के लिए एनजीओ को 5 लाख रुपये की स्वीकृति देने की बात कही। साथ ही स्थायी आश्रय गृह निर्माण के लिए निविदा जारी करने की अनुमति भी दी गई। इस पर अदालत ने कहा कि परिषद अब केवल औपचारिक कार्यवाही न करे, बल्कि त्वरित और गुणवत्ता आधारित वास्तविक कार्य सुनिश्चित करे। अदालत ने निर्देश दिया कि अब तक की गई कार्यवाहियों की विस्तृत रिपोर्ट अगली सुनवाई तक प्रस्तुत की जाए और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी कोर्ट में उपस्थित होना होगा। अदालत ने यह भी चेतावनी दी कि यदि रिपोर्ट संतोषजनक नहीं पाई गई तो संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी।न्यायालय के इस निर्णय से नागरिकों में राहत की भावना देखी गई। लोगों ने इसे वर्षों से जारी कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की दिशा में बड़ा कदम बताया और उम्मीद जताई कि अब शहर में आवारा पशुओं का प्रबंधन मजबूत होगा, सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी और आमजन भयमुक्त वातावरण में जीवन जी सकेंगे।



# एक बगिया मां के नाम योजना पर शहपुरा में एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### हितग्राहियों को पौधरोपण से संरक्षण तक दी गई विशेषज्ञ तकनीकी जानकारी, महिलाओं में दिखा उत्साह

शहपुरा

ग्रामीण परिवारों को स्वावलंबी बनाने और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित 'एक बगिया मां के नाम' योजना को प्रभावी रूप से धरातल पर उतराने जिला प्रशासन गंभीरता से प्रयासरत है। इसी क्रम में रविवार को अजीविका भवन शहपुरा में आजीविका मिशन के तत्वावधान में समूह की दीदियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ और आजीविका परियोजना अधिकारी अपर्णा सोनकिया पांडे एवं जिला अधिकारी जे.एस. पट्टा (DM) के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### तकनीकी प्रशिक्षण में दी गई अनुसंधान आधारित जानकारी

प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र पौधरोपण, पौधों का संरक्षण, जैविक खाद का प्रयोग और सतत सिंचाई तकनीकों पर रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि स्थानीय मिट्टी, जलवायु और स्थल चयन पौधे की वृद्धि में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हितग्राहियों को प्रायोगिक रूप से पौधों के लिए उपयुक्त गड्ढा तैयार करना,जैविक खाद का मिश्रण,शुरुआती 90 दिनों की विशेष देख-रेख,ड्रिप सिंचाई व गड्ढा सिंचाई विधि,कीट नियंत्रण के जैविक उपाय जैसी प्रक्रियाएँ विस्तार से समझाई गईं। प्रशिक्षकों ने बताया कि सही तकनीक अपनाने पर एक-एक परिवार में लगाए गए यह पौधे भविष्य में पोषण सुरक्षा, आय वृद्धि और हरियाली बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगे।'एक बगिया मां के नाम' योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना, परिवारों में पोषण संवर्धन बढ़ाना और गांवों में हरियाली को संरक्षित करना है। आजीविका मिशन की टीम ने बताया कि योजना न सिर्फ पौधारोपण है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के लिए आय का एक स्थायी साधन भी विकसित करती है। प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं ने इसे बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाने का अवसर देते हैं।हितग्राहियों ने बताया कि अब उनके पास पौधों को लगाने और उनकी सुरक्षा के वैज्ञानिक तरीके सीखने का अवसर मिला है। महिलाओं ने कहा कि यह योजना न सिर्फ घर-परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी बल्कि गांवों को भी हरियाली से आच्छादित करेगी।प्रशिक्षण के सफल आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, और प्रतिभागियों ने सीखी गई तकनीकों को अपने गांवों में अपनाने का संकल्प लिया।



# मोहतरा के सांदिपनी विद्यालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**डिंडौरी** । कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड करंजिया के ग्राम मोहतरा स्थित सांदिपनी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं, लैब, प्रयोगशाला, पुस्तकालय कक्ष, स्वच्छता व्यवस्था तथा पेयजल की उपलब्धता का विस्तार से जायजा लिया।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कक्षा 10वीं में उपस्थित विद्यार्थियों से पुस्तक पढ़वाकर तथा प्रश्न पूछकर उनका शैक्षणिक स्तर परखा। संवाद के दौरान जब कलेक्टर ने छात्रों से उनके भविष्य के लक्ष्य पूछे, तो बच्चों ने वैज्ञानिक, पुलिस अधीक्षक, शिक्षक तथा बिज़नेस मेन बनने की इच्छा व्यक्त की। जिसपर कलेक्टर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे लगन और मेहनत से पढ़ाई करें तथा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक लाएँ। उन्होंने बताया कि अच्छे अंक प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन की लैपटॉप योजना, स्कूटी प्रोत्साहन योजना, छात्रवृत्ति तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में निःशुल्क प्रवेश जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने प्राचार्य को निर्देश दिए कि विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए तथा शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मोहतरा की महिला सरपंच श्रीमती लक्ष्मी बाई ने गांव में पेयजल व्यवस्था हेतु नल जल योजना संचालित करने को कहा। जिस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारी को 5 दिवस के अन्दर पेयजल संचालित कराने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने करंजिया विकासखंड में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का किया निरीक्षण





डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड करंजिया के निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। कृषि विभाग की अधिकारी सुश्री अभिलाषा चौरसिया ने अवगत कराया कि प्रयोगशाला भवन का निर्माण वर्ष 2016-17 में किया गया था तथा इसे संगम एजुकेशन संस्थान, जबलपुर के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रयोगशाला में प्रतिवर्ष लगभग 4,000 मिट्टी नमूनों का परीक्षण किया जाता है। कलेक्टर ने प्रयोगशाला में स्थापित मशीनों, मिट्टी नमूनों और परीक्षण की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही मिट्टी परीक्षण अधिकारी सुश्री ललिता धुर्वे से परीक्षण विधि, मशीन संचालन एवं किसानों को दिए जाने वाले रिपोर्ट विवरण पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने किसानों के परीक्षण संबंधी रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शेकर मशीन में मिट्टी परीक्षण की प्रोसेसिंग प्रणाली को समझा और विशेषज्ञों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों के नमूने लेकर परीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मिट्टी की गुणवत्ता के आधार पर फसल चयन, उर्वरक मात्रा और फलदार पौधे लगाने की स्पष्ट सलाह दी जाए, जिससे वे बेहतर उत्पादन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा किसानों की आय में वृद्धि लाने के उद्देश्य से जगह-जगह मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला खोले जा रहे हैं। जिससे अधिक से अधिक किसान लाभ लेकर अपने खेतों में अधिक उत्पादन कर सकें।

चर्चा के दौरान मिट्टी विशेषज्ञों ने बताया कि परीक्षण में जिंक की मात्रा अत्यंत कम पाई जाती है, जिसके समाधान हेतु किसानों को जिंक पूर्ति के उपाय सुझाने की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर ने कृषि विभाग की अधिकारीगण, आजीविका मिशन प्रबंधक श्रीमती अर्पणा पांडे तथा विकासखंड कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती शशि मरकाम को निर्देश दिए कि विभिन्न शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को मिट्टी परीक्षण के महत्व से अवगत कराएं, ताकि अधिक से अधिक किसान परीक्षण करवा सकें और अपनी फसलों का उत्पादन बढ़ा सकें। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, सीईओ जनपद पंचायत करंजिया अक्षय डिगरसे, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, सीएमएचओ डॉ मनोज पांडे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, श्रीमती अर्पणा पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष करंजिया श्रीमती गीता पट्टा, सरपंच पाटनगढ़ सहित अन्य सदस्यगण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने बजाग विकासखंड में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का किया निरीक्षण



डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को विकासखंड बजाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन (म.प्र. निगम) एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित समूह जल प्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन जल शोधन यंत्र (ट्रीटमेंट प्लांट) का स्थल निरीक्षण किया। इस परियोजना में कुल 425 ग्राम सम्मिलित हैं, जिसकी लागत 662.21 करोड़ है। इसका निर्माण महाप्रबंधक, जल निगम, परियोजना क्रियान्वयन इकाई जल निगम मंडला के माध्यम से कराया जा रहा है। कलेक्टर ने स्थल पर पहुँचकर चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल स्त्रोतों की उपलब्धता, संरचनाओं की मजबूती एवं संपूर्ण तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी और जनहितकारी योजना है, इसलिए इसे गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने बताया कि योजना के पूर्ण होने पर आसपास की ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ और पर्याप्त रूप से उपलब्ध हो सकेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की बड़ी समस्या का समाधान होगा।

## खबर संक्षेप

### स्व. मुशरान को दी गई श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कृषि रत्न स्व. श्याम सुंदर नारायण मुशरान की जयंती के अवसर पर एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा स्थानीय मुशरान पार्क में संस्था परिवार के प्रेरणा स्त्रोत स्व. श्याम सुन्दर नारायण मुशरान की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि सभा एवं मौन श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार गर्ग ने स्व. मुशरान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर हेमराज सेन, आलोक शर्मा, महेश पाठक, मयंक शर्मा, दिनेश पटेल सहित समस्त स्टाफ मेम्बर्स द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### जिला अदब गोशा कवि सम्मेलन एवं मुशायरा एवं शाम-ए-गजल कार्यक्रम आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। विधायक दिनेश राय ने पहलवान बंधुओं का उत्साह वर्धन कर उपस्थित दर्शक बंधुओं को संबोधित किया।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल के तत्वावधान में 'सिलसिला' श्रृंखला के अन्तर्गत 23 नवम्बर 2025 (रविवार) को श्रीजी भवन, सैफी हार्डवेयर के बाजू में, जिला उद्योग केन्द्र के पास, बींझावाड़ा रोड, सिवनी में जिला अदब गोशा (कवि सम्मेलन एवं मुशायरा) कार्यक्रम दोपहर 2 बजे एवं शाम-ए-गजल कार्यक्रम सायं 5 बजे से आयोजित किया गया है, जिसमें जिला सिवनी के जाने-माने शायर एवं कवि उपस्थित रहेंगे। इस जिला अदब गोशा (कवि सम्मेलन एवं मुशायरा) कार्यक्रम में सूफी रियाज मुहम्मद 'निदा', अरविन्द 'मानव', खलीक उज्जमा 'सहर', जगदीश 'तपिश', यूसुफ 'राज', जीनत एहसान कुरैशी, मसूद 'आतिश', नरेन्द्र नाथ 'चट्टान', डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी, संजय समर्पित 'अशांत', अम्बिका शर्मा, डॉ. शफी खान 'शफी', अशफाक खान 'जबल', इकराम 'सदफ', अनीसा 'कौसर', मिनहाज कुरैशी, सिराज कुरैशी 'सिराज' आदि शायरों एवं कवियों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर सिवनी जिले के उभरते कलाकार नेत्रपाल दुबे, प्रभुदयाल नाग एवं अन्य गायकों के द्वारा मनमोहक गजलें प्रस्तुत की जायेंगी।

### सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन दंगल प्रतियोगिता में हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम बंडोल में श्री बजरंग व्यायाम शाला के तत्वधान में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया जिसमें जिले के अलावा छिन्दवाड़ा, जबलपुर, खंडवा, भोपाल, उज्जैन, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व अन्य जिलों, प्रदेशो के पलवानो ने आपना दाव पेंच लगाया, इस विशाल ईनामी दंगल को देखने के लिए बड़ी संख्या में दंगल प्रेमी, जनता जनार्दन का बड़ा जन सैलाब रहा ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन विशाल ईनामी दंगल प्रतियोगिता के आयोजन में सम्मिलित होकर सहभागिता किया।

### दो बच्चे को बचाने के चक्कर में ऑटो रिक्शा पलटा

सिवनी। नगर में अव्यवस्थित यातायात हर जगह देखने को नजर आ रहा है। सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रैक्टर, छोटे बड़े वाहन व सड़क किनारे रेत, गिट्टी, आदि बिल्डिंग मटेरियल समान पड़े रहने से मार्ग भी संकीर्ण हो रहा है। जिसके चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। शनिवार को दोपहर 12.30 बड़े मिशन स्कूल की कॉम्प्लेक्स दुकानों के सामने एक साइकिल पर सवार दो बच्चे को बचाने के चक्कर में एक ऑटो रिक्शा वाहन पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर जनपद पंचायत व बीएसएनएल कार्यालय के बीच की छड़ी वाले रास्ते में एक ऑटो क्रमांक एमपी 28 क्रं 2797 बच्चों को बचाने के चक्कर में पलट गया। ऑटो चालक के सिर में चोट आई।

## शासकीय भवनों की दीवार बनी प्रचार प्रसार का माध्यम

# नियमों को दरकिनार कर रहे कंपनी व डीलर









**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

सरकार द्वारा नियम कानून बनाकर लोगों को व्यापार करने की छूट दी गई है लेकिन कुछ व्यापारी नियमों को दरकिनार कर अपने व्यापार को बढ़वा देने पर लगे रहते है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय में सामने आया जहां पर निजी कंपनी के डीलर द्वारा खुलेआम निमयों को धता दिखाते हुए शासकीय सम्पत्ति पर अपनी कंपनी व दुकान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है जबकि शासन के नियमानुसार शासकीय सम्पत्ति पर विज्ञापन लिखना या पोस्टर चिपकाना अपराध की श्रेणी मे है लेकिन डीलर द्वारा इसकी परवाह ना करते हुए पूर परिसर में अपनी दुकान व कंपनी का प्रचार प्रसार का केन्द्र बना दिया।

### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी मे माईसेम सीमेंट कंपनी के अधिकृत विक्रेता ओम आदेश आयरन द्वारा कंपनी तथा अपनी दुकान के प्रचार प्रसार मे किसी प्रकार की कोई कसर बाकी नहीं रखी पूरी कृषि उपज मंडी मे माईसेम सीमेंट का प्रचार प्रसार के लिए पुताई कर विज्ञापन लिखवा दिया। जो कि नियमों के विपरीत है। मध्यप्रदेश सरकार का आउटडोर विज्ञापन अधिनियम 2017 के नियमानुसार शासकीय संपत्ति पर किसी भी प्रकार से निजी कंपनी व दुकान का प्रचार प्रसार नही किया जा सकता है। यदि दुकानदार या कंपनी द्वारा शासकीय सम्पत्ति पर प्रचार प्रसार करता है तो प्रशासन द्वारा हर्जाना एवं जुर्माना दोनों वसूल किया जावेगा। परंतु जिला मुख्यालय पर ऐसा बिल्कुल भी देखने के नही मिल रहा है। प्रशासन की अनदेखी के कारण सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है और प्रशासन मूकदशक बना हुआ है।

### राजस्व की वूसली करे प्रशासन

कृषि उपज मंडी में जिस तरह से यह अवैध विज्ञापनों लिखे गए हैं इन पर प्रशासन उचित कार्रवाई करते हुए प्रतिदिन के हिसाब से शस्ति अधिरोपित कर वसूलने का प्रावधान भी है। प्रशासन संबंधित डीलर व कंपनी पर शासित अधिरोपित कर कार्रवाई की सकती है। लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते कंपनी व दुकानदार को अभयदान दे दिया गया है। वही डीलर भारत बुलवानी द्वारा बताया गया कि उक्त संबंध मे मुझे कोई जानकारी नही है उक्त कार्य कंपनी द्वारा कराया गया है यदि प्रशासनिक स्वीकृति होगी तो कंपनी के अधिकारियों को पूरी जानकारी होगी। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है। प्रशासन को चाहिए की ठोस कार्रवाई कर शासित अधिरोपित कर जुर्माना वसूल किया जाए।

### प्रशासन नही दे रहा ध्यान

निजी कंपनी द्वारा शासकीय सम्पत्ति पर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया है जिस ओर जिला प्रशासन व कृषि उपज मंडी प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है जबकि प्रशासन विज्ञापन को लेकर माईसेम सीमेंट कंपनी व ओम आदेश आयर पर कार्रवाई कर सकता है लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते शासकीय सम्पत्ति प्रचार प्रसार का माध्यम बनी हुई है उक्त संबंध मे दुकानदार व कंपनी के अधिकारी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक जबाब नही दिया गया। जबकि उक्त विज्ञापन कई वर्षो से प्रचार हेतु लिखे गए है। नियमानुसार प्रशासन कंपनी व दुकानदार पर प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना अधिरोपित कर राजस्व की वसूली करे जिससे सरकार को राजस्व की हानि ना हो। यदि उक्त विज्ञापन आदेश के पूर्व का लिखा हुआ है तो प्रशासन संबंधित कंपनी से उसकी पुताई करानी चाहिए थी।

### इनका कहना है

उक्त संबंध मे मुझे कोई जानकारी नही है और ना ही मेरे द्वारा उक्त विज्ञापन लिखवाए गए है उक्त कार्य माईसेम सीमेंट कंपनी द्वारा कराया गया है परमिशन आदि सभी कंपनी के पास होंगे।

**भारत बुलवानी,** डीलर माईसेम सीमेंट

उक्त संबंध मे मुझे कोई जानकारी नही है कंपनी के विज्ञापन विभाग द्वारा संपूर्ण जानकारी दी जा सकती है।

**अर्पित असाटी,** माईसेम सीमेंट

## कोरी समाज ने मनाई वीरांगना झलकारी बाई की जयंती



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस कोरी समाज द्वारा बड़े ही ऐतिहासिक और गौरवशाली दिवस के रुप में समाज की महानायिका स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना झलकारी जी की जयंती आयोजित करता है, इसी क्रम में इस वर्ष झलकारी जयंती का आयोजन स्थानीय उत्सव भवन यादव कालोनी नरसिंहपुर में जिला कोरी समाज समिति नरसिंहपुर के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में जिले से आये समस्त सामाजिक बंधुओ द्वारा झलकारीबाई के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया और उपस्थित मातृशक्तियों ने जय झलकारी -जय कोरी समाज के जयकारों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वक्ताओं ने वीरांगना झलकारी जी के जीवन परिचय, इतिहास और देश के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के विषय में विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में समाज के वोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पिछले वर्ष के मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया उनमें सिंगपुर, कल्यानपुर, गाडरवारा के छात्रों की संख्या अधिक रही। उसके बाद पी सी शाक्या एलआईसी अधिकारी, हीरालाल कोरी वरिष्ठ अधिवक्ता, पी एस बुनकर पूर्व प्रधानपाठक, सोमराज कोरी समाजसेवी एवं लाइफ कोच धनीराम कोरी ने भी उद्बोधन दिया। जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कोरी ने नरसिंहपुर नगर में झलकारी जी की प्रतिमा लगवाने की बात कही, जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्तियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। राजेश कोरी शिक्षक एवं नवल किशोर कोरी बैंक अधिकारी द्वारा सभी का आत्मीय आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में अर्जुन ठेकेदार, नोनीलाल कोरी, राकेश कोरी, हरप्रसाद, जनशिक्षक, डोरीलाल, सुनील कोरी, गोमती कोरी शिक्षिका, कौशल कोरी शिक्षिका, कमलकांत कोरी, महेन्द्र कोरी की उपस्थिति प्रमुख रही ।

### दिशा समिति की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं सदस्य सचिव जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार 24 नवंबर को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## एसआईआर के कार्य में लापरवाही पर बीएलओ निलंबित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना और अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अरूचि प्रकट करने पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 118 गोटेगांव के मतदान केन्द्र क्रमांक 185 बकोरी के बूथ लेवल ऑफिसर प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला भालपानी दिलीप तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में दिलीप तिवारी का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नरसिंहपुर नियत किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। जारी आदेश के अनुसार श्री तिवारी का कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के तहत प्रतिकूल पाए जाने के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के प्रावधानों के अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## डॉ अजिता वर्मा तकनीकी आफिसर नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरकार की खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गैम्स के तहत जयपुर राजस्थान में होने वाली राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में स्विमिंग फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा पी.एम श्री महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिहपुर एम. एल. बी. स्कूल की खेल शिक्षिका अंजिता वर्मा को खेलो इंडिया का राष्ट्रीय तकनीकी आफिसर नियुक्त किया गया है। खेल शिक्षिका डॉ. वर्मा द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की तैराकी प्रतियोगिता में तकनीकी ऑफिसर के दायित्व का निर्वहन व जिले को गौरवांवित किया है। पुनः राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में तकनीकी ऑफिसर के दायित्व हेतु चयनित होने पर शाला प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## कलेक्टर ने एसआईआर डिजिटाइजेशन का लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के भ्रमण के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाताओं के सत्यापन और गणना फार्मों के डिजिटाइजेशन के कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एसआईआर अंतर्गत डिजिटाइजेशन के कार्य में कम प्रगति लाने वाले बीएलओ और सहायक दल से चर्चा करते हुए कहा कि इसे प्राथमिकता में लेते हुए शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करें। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान केन्द्र क्रमांक 204 व 205 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड भटिया टोला और मतदान केन्द्र क्रमांक 21 कामथ वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं से भी चर्चा कर कहा कि वे एसआईआर अंतर्गत डिजिटाइजेशन कराएं, जहां समझ में नही आता है वहां संबंधित बीएलओ से बात भी करें। उन्होंने नगर पालिका के सभागार में गणना पत्रकों के ऑनलाइन फीडिंग कार्य का भी अवलोकन किया और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

## सिलावट समाज संगठन की बैठक प्रदेश कार्यालय में संपन्न



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सिलावट समाज संगठन की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सिलावट समाज संगठन के प्रदेश कार्यालय गांधी वार्ड लाठगाव रोड चौकी के पास स्थित भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा के तेल चित्र का पूजन-अर्चन किया गया इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी समय में सामाजिक मासिक बैठक अलग-अलग गांवों में आयोजित करने पर विशेष चर्चा हुई। वहीं बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपने सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक किया गया। एवं जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करने की दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष परम सिंह सिलावट प्रदेश संरक्षक जितेंद्र चांदोलिया प्रदेश महामंत्री दीनूसिंह छिरा महासचिव देवीसिंह परसवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी संजू चौहान, दिनेश परसवार सरपंच सिमरिया,प्रदेश संयोजक राकेश बझैया, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राजा सिलावट,नगर अध्यक्ष सचिन सिलावट, गांधीवार्ड अध्यक्ष मुकेश सिलावट, हरदौल वार्ड अध्यक्ष शंकर सिलावट, कामथ वार्ड अध्यक्ष नारायण बझैया,यशवंत सिलावट,दुर्गेश सिलावट मोनू परसवार,प्रदीप सिलावट योगेंद्र बरसैया मनोज सिलावट,विनीत छिरा अजय छिरा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## सिख समाज ने मनाया 350 वां शहादत दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



रविवार को सिख समाज द्वारा धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहादत दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में एक विशाल प्रभात फेरी निकाली गई, जिसने पूरे माहौल को गुरु भक्ति से सराबोर कर दिया। गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को समर्पित यह प्रभात फेरी कंदेली गुरुद्वारा से प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्टेशन गुरुद्वारा पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में संगत (श्रद्धालु) मौजूद रहे। संगत द्वारा पूरे मार्ग में गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान की गाथा को भजनों और कीर्तन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रभात फेरी का समाजसेवी संगठनों व सिंधी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## आज सत्य साईं बाबा जी के शत (100वें) जन्मोत्सव के पावन अवसर विशेष पूजा-अर्चना



**गोटेगांव नरसिंहपुर:** आज सत्य साईं बाबा जी के शत (100वें) जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शिक्षक कॉलोनी स्थित सत्य साईं मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान दर्शन कर दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया गया।आयोजन में गोटेगाँव विधायक महेन्द्र नागेश जी, वरिष्ठ समाजसेवी इंजी. सरदार सिंह पटैल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य रैली (फेरी) निकाली गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के माध्यम से सेवा, प्रेम और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

## 77वें एनसीसी दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ रैली का हुआ आयोजन




**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस सर्वोदय विद्यालय के द्वारा एनसीसी की 77 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में एनसीसी कैडेट यूनिट टू एम पी गर्ल्स बटालियन जबलपुर इकाई संत मोनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय तेंदूखेड़ा एवं सर्वोदय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सर्वोदय विद्यालय परिसर से नगर में मुख्य मार्गो से मार्च करते हुए जागरूकता बेटी बचाओ अभियान रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य जन-जन को जागरूक करना बेटी बचाओ अभियान को सार्थकता रूप देने के लिए नाटक के माध्यम से छात्राओं ने पुराने बस स्टैंड में शानदार प्रस्तुति देकर जन-जन को जागरूक करने का शानदार प्रदर्शन किया।इस रैली को लीड करने में एन सी सी अधिकारी कैप्टन रोमी मालवीय एवं सेकेंड ऑफिसर ताप्ती रानी दत्ता की अहम भूमिका रही।वहीं पर संस्था प्रबंधक डॉ प्रकाश जैन एवं प्राचार्य डॉक्टर किरण प्रभा जैन भी प्रमुख रूप से उपस्थित रही। एवं बेटी बचाओ रैली के विषय में विस्तृत जानकारी दी। : नुक्कड़ नाटक में कैडेट आयुषी लोधी अमृता बाल्मिक सौम्या किरार कीर्ति पटेल हर्षिता पटेल पोस्टर मेकिंग में देवांशी कुशवाहा राधिका सोनी सौम्या किरार वैष्णवी सोनी आदि स्लोगन लेखन में चारु जैन अंशिका शर्मा कविता लेखन में कीर्ति पटेल का प्रमुख रुप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

## मनकापुर और भामा सड़क मार्ग के बीच कंटेनर से ट्रक भिड़ंत में पांच घंटे बंद रहा सड़क मार्ग

**तेंदूखेड़ा** तेंदूखेड़ा से होकर गाडरवारा सड़क मार्ग पर चलने वाले कंटेनर यातायात व्यवस्था में मुसीबत बनें हुए हैं। और आये दिन सड़क हादसे होना अब आम बात हो गई है।ऐसा ही एक और विषय रविवार के सुबह सुबह इसी सड़क मार्ग के बीच भामा और मनकापुर के बीच मोड़ पर आपस में भिड़े एक ट्रक की जोरदार भिड़ंत के चलते लगभग पांच से छ घंटे तक सड़क मार्ग पूर्णतः वाधित रहा।काफी मशक्कत के बाद सड़क मार्ग एक लाइन शुरू हो सकी जिसमें यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक तेंदूखेड़ा तरफ से आलू लेकर गाडरवारा तरफ जा रहा था कि गाडरवारा तरफ से अपनी अंधी रफ्तार के लिए चर्चित हो चुके एन पी पी सी प्लांट से राख लेकर चलने वाले कंटेनर की सीधी भिड़ंत हो गई हालांकि कोई जन हानि तो नहीं हुई लेकिन दोनों बाहन छतिग्रस्त हो गये और बीच सड़क पर जाम लग गया जो काफी लंबे समय तक लगा रहा।ऐसी स्थिति में अन्य वाहनों को आवागमन में परेशानी देखने को मिली। चूंकि इस सड़क मार्ग की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि आये दिन यहां ऐसी घटनाएं दुर्घटनायें यहां पर अब आम बात हो गई है और इन कंटेनरों ने असमय कई जिंदगियां समाप्त भी कर दी है। सुधार की दिशा में आज तक कोई उचित पहल ना होना क्षेत्र में जनचर्चा का विषय बना हुआ है।इन कंटेनरों की अंधी रफ्तार पर भी ब्रेक नहीं लग पा रहा है। सड़क मार्ग पर क्षमता से अधिक दबाव भार पड़ने से सड़क मार्ग भी जहां तहां से क्षतिग्रस्त हो रहा है।